BRAMPTON

Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज निवासियों को छुट्टियों के इस सीजन में आग से सुरक्षित रहने की याद दिलाता है

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (1 दिसम्बर, 2022) – ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज (Brampton Fire and Emergency Services), निवासियों को अपने 12 दिनों के आग से सुरक्षा (12 Days of Fire Safety) अभियान के साथ इस सीजन सुरक्षित रहने के महत्व के बारे में याद दिलाता है। इसे एनब्रिज (Enbridge) के द्वारा प्रायोजित (स्पांसर) किया जा रहा है।

आग कहीं भी, कभी भी लग सकती है, लेकिन अकसर तब लगती है, जब हमारी रक्षा कम हो जाती है, जैसे जब छुट्टियों की भागदौड़ से हमारा ध्यान भंग होता है। ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज ने लगभग 12 विषयों पर सुरक्षा संबंधी सुझाव दिए हैं, जिन पर इस सीजन ध्यान देने की जरूरत है:

**दिन 1: क्रिसमस पेड़**

सुनिश्चित करें कि पेड़ में हमेशा पानी हो – रोजाना पानी का लेवल देखते रहें।

**दिन 2: सजावटी लाइटें**

घर से बाहर जाने या सोने से पहले सभी लाइटें और सजावटी लाइटें बंद करके उनके प्लग निकाल दें।

**दिन 3: धुएं के अलार्म**

अपने घर की प्रत्येक मंजिल पर और सोने वाले सभी हिस्सों के बाहर, धुएं के चालू अलार्म लगाएं।

**दिन 4: कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) अलार्म**

सोने वाले सभी हिस्सों के साथ चालू CO अलार्म लगाएं।

**दिन 5: घर से बचकर निकलने की योजनाएं**

अपने परिवार के साथ घर से बचकर निकलने की योजना बनाएं।

**दिन 6: बिजली की तारें/आउटलेट्स**

बिजली के बहुत ज्यादा आउटलेट न लगाएं।

**दिन 7: पोर्टेबल हीटर**

जब आप कमरे से बाहर जाएं या सोने लगें तो पोर्टेबल हीटरों के प्लग निकाल दें।

**दिन 8: मोमबत्तियां**

कमरे से बाहर जाने या सोने से पहले, मोमबत्तियां बुझा दें।

**दिन 9: माचिसें**

माचिसों और लाइटरों को बच्चों की पहुंच से दूर रखें।

**दिन 10: भोजन पकाना**

भोजन पकाना, घर में होने वाली आग की घटनाओं का #1 कारण है। भोजन पकाते समय रसोई में ही रहें। यदि आपको जाना पड़े, तो स्टोव बंद कर दें।

**दिन 11: धूम्रपान करने के सामान**

धूम्रपान, आग की भयानक घटनाओं का मुख्य कारण है। बड़ी और गहरी एशट्रेज का प्रयोग करें, जिनमें से राख बाहर न आ सके। धूम्रपान करने वालों को बाहर धूम्रपान करने की सलाह दें। सिगरटों की राख को लापरवाही से बालकनी में न झाड़ें। सिगरटों को पौधों के गमलों के अंदर न बुझाएं, जिसमें दलदली काई, लकड़ी के टुकड़े और छाल का मिश्रण हो सकता है, जिनमें आसानी से आग लग सकती है। कभी भी बिस्तर में धूम्रपान न करें। सिगरेट के टुकड़ों और राख को फेंकने से पहले, सुनिश्चित करें कि वे बुझ गए हैं। उन्हें पानी या रेत में डाल दें। एशट्रे को धातु के कंटेनर में खाली करें – कूड़े के डिब्बे में नहीं – और इसे बाहर रखें। जब आपको नींद आ रही हो या आप अल्कोहल के नशे में हों तो धूम्रपान से परहेज करें – अल्कोहल, धूम्रपान संबंधी आग की कई घटनाओं का एक कारक है।

**दिन 12: जिम्मेदार बनें**

अल्कोहल और रेक्रिएशनल ड्रगस का सेवन जिम्मेदारी से करें। अल्कोहल या रेक्रिएशनल ड्रगस के नशे में भोजन न पकाएं, धूम्रपान न करें और न ही गाड़ी चलाएं।

इस बारे में, यहां (here) अधिक जानकारी पढ़ें कि छुट्टियों के इस सीजन में आग से सुरक्षित कैसे रहना है।

**हवाले**

"यह परिवार, दोस्तों और जशन का सीजन है और छुट्टियों की भीड़भाड़ में ध्यान भंग होना आम बात है। ब्रैम्पटन के निवासियों को याद दिलाया जाता है कि सुरक्षित रूप से जशन मनाएं। ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज के इन सुझावों को ध्यान में रखकर, आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपकी छुट्टियां केवल मजेदार नहीं, बल्कि सुरक्षित भी हैं।"

*- पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“इस वर्ष खुद को, अपने परिवार और अपने दोस्तों को सुरक्षा का उपहार दें। ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज के 12 दिनों के आग से सुरक्षा संबंधी सुझावों का पालन करके, आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी सुरक्षित रूप से छुट्टियों के सीजन का आनंद ले रहे हैं।”

- *रोएना सैन्टोस (Rowena Santos), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5; चेयर, कम्युनिटी सर्विसिज, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“वर्ष का यह समय मजेदार त्यौहारों से भरपूर है, लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि व्यस्त होने के समय, हम सभी आग से सुरक्षा को ध्यान मे रखें। यह सुनिश्चित बनाने के लिए कि आपका और आपके परिवार का छुट्टियों का सीजन सुरक्षित और फेस्टिव है, हमारे 12 दिनों के आग से सुरक्षा संबंधी सुझावों की समीक्षा करने के लिए, www.bramptonfire.com पर जाएं।”

- *बिल बोएस (Bill Boyes), फायर चीफ, ब्रैम्पटन फायर एंड एमरजेंसी सर्विसिज*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca